सुविचार



मानव का मानव होना ही उसकी जीत है,
दानव होना हार है, और महामानव होना
चमत्कार है।
-डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- मृत युवक की इंस्टा आईडी से जालसाजी II
- होली के गीतों पर थिरकीं पौत्री और दादी अम्मा III
- लविवि की लाल बारादरी के जीर्णोद्धार के विरोध में हंगामा IV

लखनऊ, सोमवार, 23 फरवरी 2026




**रमजान का पांचवां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:15 | सुन्नी : 6:06 |
| शिया : 5:05 | शिया : 6:15 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- मोहनलालगंज स्थित गौरा रिजार्ट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 100 जोड़ों का विवाह- 10:00 बजे से।
- भाकपा (माले) का चारबाग से विधानसभा मार्च तक मार्च- 11:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# पांच लोगों को अंगदान कर अमर हो गए लखनऊ के संदीप कुमार



संदीप के पार्थिव शरीर के साथ परिजन और अन्य लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर के 42 वर्षीय संदीप कुमार पांच लोगों को अंगदान देकर इतिहास में अमर हो गए। परिजनों ने संदीप के अंगदान करने पर सहमति दी। जिस पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में 20 वर्ष बाद ब्रेन स्टेम डेथ के पश्चात पहला सफल बहु-अंगदान हुआ। संदीप के परिजनों निर्णय से पांच जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन और नई आशा मिली।

संदीप कुमार 7 फरवरी को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कई अस्पतालों में उपचार के बाद भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। 21 फरवरी की रात को उन्हें एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। 22 फरवरी को चार वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल ने उन्हें ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया था। परिजनों, विशेषकर उनकी पत्नी ने अंगदान की सहमति प्रदान की। इसके बाद स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गनाइजेशन-उत्तर प्रदेश (सोटो-यूपी) के संयुक्त निदेशक एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेश हर्षवर्धन के मार्गदर्शन में अंग रिट्रीवल प्रक्रिया शुरू की गई। एसजीपीजीआई और केजीएमयू की संयुक्त टीमों ने समन्वय के साथ जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया।

### दिवंगत संदीप को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

- संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की नीति के तहत ब्रेन स्टेम डेथ के मामलों में यदि परिजन अंगदान की सहमति देते हैं तो सहमति के समय से संपूर्ण उपचार व्यय माफ किया जाता है। अंगदान के उपरांत दिवंगत संदीप कुमार को सम्मानपूर्वक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। दिवंगत संदीप अपने पीछे पत्नी और आठ वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं।

### एपेक्स ट्रॉमा सेंटर से केजीएमयू 18 मिनट में पहुंचाए गए अंग

- सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की टीम ने लीवर हार्वेस्ट किया, जिसे सोटो-यूपी जरिए बनाए गए ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से समय रहते महज 18 मिनट में केजीएमयू पहुंचाया गया। वहां प्रतीक्षा सूची में पंजीकृत मरीज का सफल प्रत्यारोपण शुरू किया गया।

### दो महिलाओं को लगाई गई संदीप की किडनी

- पीजीआई में यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभागों की टीमों ने दोनों किडनियों का प्रत्यारोपण किया। ये किडनियां 35 से 40 वर्ष आयु वर्ग की दो महिलाओं को लगाई गईं, जो पिछले लगभग दस वर्षों से डायलिसिस पर निर्भर थीं। प्रत्यारोपण के बाद दोनों मरीजों की स्थिति संतोषजनक बताई जा रही है।

### कॉर्निया केजीएमयू के सामुदायिक नेत्र बैंक को सौंपा

- कॉर्निया हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूरी की गई। कॉर्निया को सोटो-यूपी के माध्यम से केजीएमयू के सामुदायिक नेत्र बैंक को सौंपा गया, जिससे नेत्रहीन मरीजों को दृष्टि मिलने की उम्मीद जगी है। पूरी प्रक्रिया में एनेस्थीसिया विभाग, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर और सोटो-यूपी .की टीम ने रात-दिन समन्वय बनाए रखा।

## संग्रहालय की महत्ता और जरूरत बताई

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य संग्रहालय में चल रहे कला अभिरुचि पाठ्यक्रम के तहत व्याख्यान श्रृंखला के अन्तर्गत रविवार को संग्रहालय क्यों देखना चाहिए विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. ऊषा रानी तिवारी ने व्याख्यान में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संग्रहालयों का परिचय देते हुए संग्रहालयों से संबंधित जानकारी पर चर्चा की। कहा कि प्रत्येक वह स्थान संग्रहालय नहीं कहा जा सकता जहां विभिन्न सामग्रियों का संग्रह है, बल्कि संग्रहालय को समय-समय पर अलग-अलग तरीके से परिभाषित किया गया है। मुख्य वक्ता ने संग्रहालयों के प्राथमिक कार्यो से अवगत कराया।

# नगर निगम के बजट में नया कर नहीं, गृहकर में तीन माह तक छूट

## 4692.71 करोड़ रुपये के बजट पर नगर निगम कार्यकारिणी ने लगाई मुहर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है, गृहकर में भी अगले तीन महीने तक 10 प्रतिशत छूट दी जाएगी। बजट में सड़क, कूड़ा प्रबंधन और स्ट्रीट लाइट के लिए बजट में मद रखा गया है। 13 मार्च को इसे सदन की बैठक में रखा जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी ने 4692.71 करोड़ रुपये के बजट पर मुहर लगा दी।

बजट में सबसे अधिक ध्यान सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर दिया गया है। इस मद में करीब 300 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। नगर निगम का दावा है कि इससे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। जलकल विभाग के लिए 487 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई। इससे वार्ड स्तर पर नए ट्यूबवेल और सबमर्सिबल पंप लगाए जाएंगे। अब खोदी गई सड़कों की मरम्मत भी जलकल ही करवाएगा। 13 करोड़ से पाइपलाइन बदलने के लिए प्रस्तावित किए गए हैं।

हाउस टैक्स की वसूली का लक्ष्य 750 करोड़ रुपए रखा है। सड़क निर्माण से जुड़े प्रस्ताव में 271 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। हालांकि, 2025-26 के पुनरीक्षित बजट में इसे 55 करोड़ रुपए बढ़ाकर इसे 326 करोड़ कर दिया गया था, जिसे फिर से अगले साल पुनरीक्षित बजट में बढ़ाया जाएगा। महापौर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2027-28 का बजट अब गोमती नगर के आरआर कार्यशाला की जमीन पर बन रहे नए नगर निगम मुख्यालय पर पेश किया जाएगा। इसके लिए अफसरों को अगले साल मार्च 2027 तक नए मुख्यालय के निर्माण पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। नए मुख्यालय



के निर्माण के लिए शासन से नगर निगम को पहली किस्त के रूप में 35 करोड़ की राशि शासन से मिल गई है। मुख्यालय के निर्माण में करीब 116 रुपये खर्च होगा। इसके अलावा 25 प्रतिशत ध्नराशि नगर निगम खर्च करेगा। कार्यकारिणी बैठक में सदस्य भृगुनाथ शुक्ला, अनुराग मिश्र ''अन्नू'', राजेश सिंह गब्बर, पृथ्वी गुप्ता, अरुण राय, गौरी सांवरिया, केएन सिंह, संदीप शर्मा, राम नरेश चौरसिया, सबा हसन के साथ अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, मुख्य लेखा अधिकारी, जोनल अधिकारी, चीज इंजीनियर सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### किस मद पर किना होगा खर्च

- निर्माण कार्य का बकाया भुगतान 405 करोड़
- सड़क निर्माण व मरम्मत 271 करोड़
- कूड़ा निस्तारण 300 करोड़
- कार्यदायी संस्था से सफाई 100 करोड़
- एलडीए और आवास विकास की योजनाओं के हैंडओवर पर – 50 करोड़
- ऋण, बॉन्ड सहित अन्य खर्च के लिए 46 करोड़
- पार्कों का सौंदर्यीकरण और कर्मचारियों का वेतन – 42 करोड़
- अहाना एन्क्लेव मल्टी फ्लोर बिल्डिंग के निर्माण – 40 करोड़
- नगर निगम की गाड़ियों के डीजल खर्च – 32.50 करोड़
- नाला, पुलिया और क्रासिंग निर्माण – 30 करोड़
- अभियंत्रण में नियमित और दैनिक कर्मचारियों के वेतन – 25 करोड़
- आरआर विभाग में गाड़ियो की मरम्मत – 18.50 करोड़
- स्कूलों की मरम्मत – 16 करोड़ 90 लाख
- नालों की सफाई – 15 करोड़
- मॉडल वेंडिंग जोन निर्माण – 15 करोड़
- खाली जमीनों पर जमीन पर बाउंड्रीवाल – 10 करोड़
- स्कूलों की मरम्मत और निर्माण – 10 करोड़
- कांजी हाउस में अधिष्ठान पर खर्च – 8 करोड़
- नए बिजली के खंभे लगाने के लिए – 7 करोड़
- बिजली का सामान खरीदने के लिए 6.50 करोड़
- पार्कों के सौंदर्यीकरण – 6 करोड़
- श्मशान घाट की मरम्मत – 6 करोड़
- बाढ़ पंप संचालन – 5 करोड़
- नए शौचालय और कूड़ा घर मरम्मत – 4 करोड़
- कल्याण मंडप – 4.40 करोड़
- यातायात व्यवस्था सुधार – 3 करोड़
- तालाबों के सौंदर्यीकरण – 3 करोड़
- कूड़ा घर और शौचालय निर्माण – 2 करोड़

### मॉडल वेंडिंग जोन का किराया 2,000 कम हुआ

- विभूतिखंड में आईजीपी के सामने बने मॉडल वेंडिंग जोन का किराया 5000 से घटाकर 3000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। यह प्रस्ताव कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्र अन्नू की ओर से रखा गया था। महापौर ने बताया कि फीस कम करने के अलावा सभी 110 वार्डों में भी मॉडल वेंडिंग जोन विकसित किये जाएंगे। इसके लिए 30 मार्च तक प्रत्येक वार्ड में वेंडिंग जोन के लिए उपयुक्त जमीन चिन्हित कर अंतिम रूप दिया जाएगा। अप्रैल 2026 में इन वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएगा। तीन महीने के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### खाली जमीनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा

- शहर में नगर निगम की खाली जमीनों की सूची तैयार करके पीपीपी मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी। टीम एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करेगी, जिसमें जमीन का उपयोग, संभावित आय और विकास मॉडल का पूरा खाका होगा। इसके साथ ही हसनपुर खेवली और हरिहरपुर में नगर निगम की खाली पड़ी जमीन पर उत्सव वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस वाटिका में शादी समारोह व अन्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके निर्माण के लिए बजट 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त रखा गया है। इस बजट से खाली पड़ी जमीनों को तारबाड़ भी किया जाएगा।

### स्कूलों का होगा कायाकल्प, बनेंगे 40 नए आंगनबाड़ी केंद्र

- नगर निगम के सभी 8 स्कूलों का कायाकल्प किया जाएगा। इन स्कूलों में भवन मरम्मत, कक्षाओं का आधुनिकीकरण, फर्नीचर, स्वच्छ शौचालय और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा कान्हा उपवन में एक नए विद्यालय का निर्माण होगा। निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये बजट खर्च किया जाएगा। शहर में 40 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा और पोषण सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा नगर निगम एक पुस्तकालय के साथ डिजिटल लाइब्रेरी बनाएगा। इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं और विद्यार्थियों के लिए ई-लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### बजट की झलकियां

#### शहर में कूड़े से बनाएंगे बिजली : महापौर

- महापौर ने कहा कि शहर का विकास हमारी प्राथमिकता है। हम नए वित्त वर्ष में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर देश में नंबर 1 बनाएंगे। इसके साथ ही स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने और सड़क को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। विशेष सदन की बैठक में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट एक ऐतिहासिक कदम है। इससे शहर को सस्ती बिजली उपलब्ध होगी।

#### जन भागीदारी से शहर को बना रहे बेहतर

- नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि शहर को साफ सफाई के साथ में कूड़ा निस्तारण में बेहतर बनाया जा रहा है। बजट में लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। नगर निगम सड़क, पानी, लाइट, स्कूल सहित सभी विषयों पर काम कर रहा है। हम जन भागीदारी से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

#### काम की गुणवत्ता के लिए कमेटी बनाएं : सपा

- सपा पार्षदों का कहना है कि, सीवर, सफाई और सड़क की गुणवत्ता पर बेहतर काम होना चाहिए। सड़क की गुणवत्ता के लिए मॉनिटरिंग कमेटी बननी चाहिए। ऐसी सड़क बने जो कम से कम 10 साल तक जरूर चले। इस पर अधिकारियों के साथ पार्षदों को भी देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मार्ग प्रकाश व्यवस्था को सुधारा जाए। सीवर की समस्या से लोग त्रस्त हैं।

#### बजट पूरी तरह आंकड़ों का खेल : कांग्रेस

- कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सड़क मरम्मत व नवीनीकरण के लिए बजट में कटौती करना पूरी तरह गलत है। नगर निगम का पेश किया गया बजट पूरी तरह से आंकड़ेबाजी का खेल है। इस बजट से शहर की जनता को निराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि, वार्ड विकास निधि बढ़ाकर 3 करोड़ करना चाहिए था।

#### अवैध होर्डिंग पर की जाएगी कार्रवाई

- शहर में लगीं सभी अवैध होर्डिंग को एक सप्ताह के भीतर हटाया जाएगा। जिन एजेंसियों पर यूनिपोल, बस शेल्टर या होर्डिंग का बकाया है उन्हें दो दिन के अंदर शुल्क जमा करना होगा। यदि लाइसेंस फीस नहीं जमा की जाती है तो तत्काल प्रभाव से ऐसी होर्डिंग, यूनिपोल और बस शेल्टर के स्ट्रक्चर को हटाया जाएगा।



पर्यावरण बचाने का संदेश शो के दौरान फैंस का अभिवादन स्वीकारते अभिनेता संजय दत्त और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह।

# सून ओए मामू, पौधा लगाने का और पानी बचाने का, नहीं तो लगेगी वाट

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के बुलावे पर लखनऊ आए फिल्म अभिनेता रविवार को अपने फैंस को पर्यावरण बचाने का संदेश दे गए। एल्डिको उद्यान मोड़ के पास बने मंच से संजय दत्त ने मुन्ना भाई स्टाइल में कहा कि- ओए मामू, बात सुन। जितने भी मामू यहां खड़े हैं न? सब बात सुनने का। जिंदगी में दो काम करने का। एक- पौधा लगाने का, दूसरा- पानी बचाने का। अगर ये नहीं किया तो खुद की वाट लगाने का।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पर्यावरण को लेकर नेट जीरो कार्यक्रम में संजय दत्त का आमंत्रित किया था। संजू बाबा के इंतजार में फैंस का सुबह 9 बजे से ही बंगला बाजार पहुंचने लगे। तेज धूप के बाद भी अपने हीरो की एक झलक पाने के लिए फैंस जमे रहे। संजय दत्त के साथ विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह बंगला बाजार पुलिस चौकी के पास खुली ओपन जीप में सवार हुए। यहां से एक किलोमीटर का रोड शो किया गया। रोड के दोनों किनारों पर भीड़ रही। दोपहर करीब 2 बजे काफिला बंगला बाजार पहुंचा।

संजय दत्त की एक झलक पाने और इस पल को मोबाइल में कैद करने के लिए होड़ लगी रही। विधायक और संजू बाबा ने पर्यावरण का संदेश देने वाले पोस्टर भी प्रदर्शित किए। विधायक ने संजय दत्त को भैया कहकर फिल्म धुरंधर-2 का प्रमोशन भी किया।

### संजू ने साझा किए लखनऊ से भावनात्मक रिश्ते

- मंच पर पहुंचते ही संजय दत्त अपने फैंस से रूबरू हुए। उन्होंने कहा लखनऊ से अपने भावनात्मक संबंध भी शेयर किए। कहा कि उनके पिता सुनील दत्त विभाजन के बाद शुरुआती दौर में अमीनाबाद में ही रहे हैं। इसीलिए लखनऊ से उनका गहरा जुड़ाव है।

### ट्रांसपोर्ट नगर हादसे में नहीं हुई कार्रवाई

- **अमृत विचार, लखनऊ :** 24 सितंबर 2024 को ट्रांसपोर्ट नगर में बिल्डिंग गिरने से आठ लोगों की मौत व कई घायल मामले पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। कमेटी की जांच में तीन इंजीनियर दोषी पाए गए थे। एलडीए ने कार्रवाई के लिए शासन को नाम, पद समेत रिपोर्ट भेजी थी।ट्रांसपोर्ट नगर हादसे की अपर सचिव की अध्यक्षता में कमेटी ने जांच की थी। एलडीए के तीन इंजीनियरों की लापरवाही सामने आई थी। इनके द्वारा भवन निर्माण के दौरान प्रवर्तन कार्यों में अनदेखी की गई। मानचित्र के विपरीत निर्माण किया गया। इसके बाद भी सर्वे आदि कार्य नहीं किए या फिर मिलीभगत रही।

### अश्वनी जायसवाल बने आईसीएआई लखनऊ के चेयरमैन

- अमृत विचार, लखनऊ : इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट लखनऊ शाखा के चेयरमैन सीए अश्वनी जायसवाल चुने गए हैं। आईसीएआई की प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को कार्यसमिति की बैठक गोमतीनगर, लखनऊ स्थित शाखा में बुलाई गई। इसमें वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। आईसीएआई की ओर से बताया गया कि वाइस चेयरपर्सन के पद पर सीए ऋषभ मिश्रा का चयन किया गया है। सचिव सीए आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सीए चारू खन्ना व सिकासा की सभापति चुनी गई हैं।

**सर्राफा बाजार** — चांदी की बढ़ती कीमतों के बीच मीनाकारी वाली पिचकारियों और बाल्टियों का आगाज

# होली पर चमकने लगा शगुन का बाजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चढ़ती कीमतों से चमकती चांदी के बीच बडे. लोगों का 'शगुन का बाजार' भी चमकने लगा है। बाजार में चांदी की पिचकारियों और बाल्टियों का भी सर्राफा बाजार में आगाज हो गया है। मीनाकारी कारीगरी वाली चांदी की पिचकारी और बाल्टी लोगों को भा रही है। नक्काशीदार पिचकारियों का सेट लोगों को खूब पसंद आ रहा है। संपन्न घराने जहां इसे सगुन मान कर चल रहे हैं वहीं सामान्य लोग इसे बचत के रूप में देख रहे हैं।

मसलन रंगोत्सव भी हो जाए और खरी चीज बचत के रूप में परिजनों के पास भी रखी रहे। महंगी होने के बाद भी लोग इन्हें पसंद कर रहे हैं। वजन के हिसाब से पिचकारी और बाल्टी की कीमत है।

चौक सर्राफ आदीश जैन बताते हैं कि बाजार में चांदी की बाल्टी और पिचकारी आ गई है। जितना वजन उसी हिसाब से कीमत। दस हजार रुपये से शुरू होकर 2.5 लाख रुपये तक की मीनाकारी काम वाली बाल्टी और पिचकारी आ गई हैं। इसे पसंद किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि सामान्य जन इसे नहीं ले रहे हैं। सभी ले रहे हैं। आमजन इसे बचत और सगुन दोनों रूप में लेते हैं। जैन के मुताबिक अमूमन दस हजार से एक लाख रुपये वाली चांदी की पिचकारी और बाल्टी लोग खरीद रहे हैं।

### मांग पर बनवाई जाती है सोने की पिचकारी और बाल्टी

- सर्राफ अमृत जैन बताते हैं कि सोना काफी महंगा है। इसलिए जब बड़े घरानों और संपन्न लोगों द्वारा सोने की पिचकारी की फरमाईश की जाती है तो उसे आन डिमांड बनवाया जाता है। इसके भी खरीदार हैं। विनोद महेश्वरी का कहना है कि चांदी की पिचकारी और बाल्टी अलग-अलग डिजाइनों में उपलब्ध है। खाली पिचकारी की भी लोग खरीदारी कर रहे हैं।



चांदी की बाल्टी और पिचकारी।

# 14 सेक्टरों से लांच होगी नैमिष नगर योजना

- होली पर आवासीय योजना लांच कर खुल सकते हैं पंजीयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण बीकेटी स्थित नैमिष नगर योजना की शुरुआत एक साथ 14 सेक्टर लांच करके करेगा। होली पर लांचिंग करने की तैयारी है। उच्च स्तर से स्वीकृति मिली तो भूखंडों की बिक्री के पंजीयन शुरू हो जाएंगे। इधर, जमीन जुटाव के साथ सेक्टर विकसित करने का काम तेज कर दिया है। इसके अलावा एलडीए होली पर अनंत नगर योजना के अन्य सेक्टर के भूखंड का पंजीयन भी खोल सकता है।

आवासीय योजना 4035 एकड़ की है। इसमें बीकेटी तहसील के ग्राम भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरुखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर में चिन्हित भूमि किसानों से खरीद रहा है। 200 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री भी पक्ष में करा ली है। योजना में कुल 33 सेक्टर बनेंगे। यहां पर तीन लाख से अधिक लोगों को भूखंड, रोहाउस, आवास आदि बिक्री किए जाएंगे।

## सिटी ब्रीफ


आरोपी और बरामद शराब।

### रूसेना में अवैध शराब पकड़ी, एक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में शनिवार रात आबकारी टीम ने ग्राम रूसेना में छापा मारा। वहां से फर्जी क्यूआर कोड लगे अवैध विदेशी मदिरा के 109 पौव्वे व 26 अद्धे, कुल 135 अदद (29.37 बल्क लीटर) बरामद किए गए। मौके से रंजीत यादव को गिरफ्तार कर थाना रहीमाबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार, विवेक सिंह, विजय राठी, शिखर मल्ल व अभिषेक सिंह सहित टीम के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: मड़ियांव पुलिस ने 15 हजार के इनामी गैंगस्टर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि मूल रूप से सीतापुर निवासी अजय कुमार यादव उर्फ मुनेंद्र यादव सैरपुर के अहलादपुरवा का रहने वाला था। आरोपी अजय दूध डेयरी का काम करता है। आरोपी के खिलाफ सीतापुर, हरदोई व मड़ियांव में कई मामले दर्ज हैं। जनवरी माह में मड़ियांव पुलिस ने अजय व उसके गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की जांच सैरपुर पुलिस कर रही थी। पुलिस ने रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया है।

### छींटे पड़ने पर कार सवार अधिवक्ता को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ: फैजुल्लागंज के गणेश विहार कॉलोनी निवासी अधिवक्ता अमित त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे वह माता-पिता और पत्नी के साथ कार से बाहर निकले थे। रास्ते में पानी भरे गड्ढे से गुजरने पर छींटे पास खड़े एक व्यक्ति पर पड़ गयी। आरोप है कि इसी बात पर वह युवक भड़क उठा और गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। छीना-झपटी के दौरान अमित के गले से सोने की चेन भी छीन ली और भीड़ जुटने पर फरार हो गया। पीड़ित का आरोप है कि रात करीब 12:45 बजे जब वह घर पहुंचे तो खिड़कियां टूटी मिलीं और बाहर पेट्रोल जैसी गंध आ रही थी। उन्होंने विवाद करने वाले युवक पर घर फूंकने के प्रयास का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है कि अधिवक्ता की तहरीर पर मारपीट, लूट, तोड़फोड़ और आगजनी के प्रयास समेत संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### दूध व्यवसायी को पीटा बाइक व मोबाइल लूटा

अमृत विचार, लखनऊ: दुबग्गा के आम्रपाली योजना में रविवार दोपहर दूध डेयरी पर दूध बेचने आए युवक को दबंगो ने लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। घायल हालत में आरोपी उसका मोबाइल व बाइक लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह नामजद और छह अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। संडीला निवासी वारिस ने बताया कि वह दुबग्गा के आम्रपाली योजना स्थित न्यू स्वाद डेयरी पर दूध बेचने आए थे। तभी वही पर मौजूद फुरकान, सलमान, फैजान, आसिफ, निजाम, रेहान व छह अज्ञात लोग वारिस से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगो ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुचे दुकानदार शहीम को भी पीट दिया। आसपास के लोगो को जुटता देख दबंग बाइक और फोन छीन कर भाग निकले। घटना में वारिस और शहीम के चोटे आई। पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के कैद हो गई। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किशोर ने खिलौना दिलाने के बहाने बच्ची से किया दुष्कर्म

## बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया, अपचारी को पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिकायत करने पर किशोर और उसके परिजन ने पीड़ित परिजन को पीटा



अमृत विचार: पारा इलाके में शनिवार देर शाम खिलौना दिलाने के बहाने तीन वर्षीय बच्ची से पड़ोसी किशोर ने रेलवे लाइन किनारे दुष्कर्म किया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर आरोपी के घरवालों ने पीड़ित परिजन से मारपीट की। रिपोर्ट दर्ज कर पारा पुलिस ने रविवार को आलमनगर पुल के पास से किशोर को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है।

पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। शनिवार देर शाम पड़ोस में रहने वाले किशोर खिलौना दिलाने के बहाने बच्ची को रेलवे लाइन झाड़ियों के पास ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर भाग निकला। बच्ची के गायब होने पर परिजन ने खोजबीन शुरु की। तलाश के दौरान झाड़ियों के पास बच्ची खून से लथपथ अवस्था में रोती हुई मिली। परिजन के पूछने पर मां ने सारी बात बतायी। आनन-फानन में घरवालों ने मासूम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं, मासूम की मां पड़ोस में रहने वाले किशोर की शिकायत करने उसके घर गई। कुछ देर बाद किशोर व उसके घरवाले पीड़ित परिजन के घर में घुसे और मां को पीटते हुए गाली-गलौज की।

शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना को लेकर बच्ची के पिता ने पारा थाना में किशोर व उसके घरवालों के खिलाफ दुष्कर्म, घर में घुसकर मारपीट, धमकी, गाली-गलौज व पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने रविवार को आरोपी किशोर को दबोच लिया

### पूर्व मंत्री के निजी सचिव की पत्नी से दुष्कर्म करने और जेवर लूटने वाला सैन्यकर्मी गिरफ्तार

- पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के निजी सचिव के घर में घुसकर पत्नी से मारपीट कर दुष्कर्म कर जेवर लूटके आरोपी सैन्यकर्मी को गोमतीनगर पुलिस ने दार्जलिंग से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बना लिया था। आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी सैन्यकर्मी अनिल कुमार पांडेय देवरिया के सलेमपुर स्थित मधवापुर का रहने है। वह दार्जलिंग में एफआईडी बैंग डूबी के कैंट इलाके में तैनात था। 7 अगस्त 2025 को मंत्री के निजी सचिव ने मारपीट, गाली-गलौज, धमकी, चोरी, हमला और छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया। पीड़िता ने बयान में अनिल पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। आरोप है कि 25 और 27 मई 2025 को अनिल घर पहुंचा। असलहे के बल पर बच्चों को एक कमरे में बंद कर पत्नी से मारपीट और दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अलमारी का लॉक तोड़ा और नकदी व कीमती जेवर लेकर भाग गया। इंटरनेट कॉलिंग कर धमकी दी थी। पीड़ित ने बताया कि वह चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। अनिल ने पत्नी के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर बदनाम कर चुनाव बर्बाद करने की धमकी दी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी की तलाश में तीन टीमें गठित की गई थी। वह अपना मोबाइल बंद कर फरार था। मामले की जानकारी सैन्य अधिकारियों को दी गयी। जिसके बाद आरोपी अनिल के बारे में इनपुट मिला। इस आधार पर उपनिरीक्षक कंचन तिवारी और दीपक यादव की एक टीम दार्जलिंग भेजी गयी। पुलिस ने आरोपी को वहां से गिरफ्तार कर लिया।

# मृत युवक की इंस्टा आईडी से जालसाजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो युवकों ने छात्रा से नौकरी के नाम पर ठगे लाखों के जेवर

अमृत विचार: मृत युवक की इंस्टाग्राम आई से युवती से दोस्ती की और नौकरी का झांसा देकर नकदी और लाखों के जेवर ठग लिए। वापस मांगने पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। पिता की तहरीर पर मड़ियांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक मड़ियांव इलाका निवासी स्नातक की छात्रा पिता ने बताया कि कुछ महीने पहले इंस्टाग्राम आईडी लक्ष्य_0606 पर बेटी की दोस्ती एक युवक से हुई। युवक ने खुद का नाम लक्ष्य बताया था। उसने बेटी को नौकरी दिलान का झांसा देकर कई बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कराए। बहला फुसलाकर कर सोने की तीन चेन, दो अंगूठी और एक लॉकेट भी ले लिया। उसने जेवर कैसरबाग बस अड्डे से हरदोई जाने वाली एक बस के जरिए भेजे गए थे। शिकायत पर जांच की गई, जिसमें पता चला कि पांच हजार रुपये एमएस कुंडली देवी के खाते से गए थे। यह जानकारी हाल में एक राधा पासी नाम की महिला से जब बातचीत हुई तब पता चला। छात्रा के पिता 10 फरवरी को हरदोई पहुंचे। वहां जालसाजी में संजीव पांडेय, सोनू सरदार, अनिकेत द्विवेदी का हाथ होने की जानकारी हुई। जालसाजों ने छात्रा को उसकी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर चुप कराया था। छात्रा के पिता के मुताबिक लक्ष्य की कई महीने पहले मौत हो चुकी थी। उसकी इंस्टा आईडी का इस्तेमाल सोनू और संजीव कर रहे थे। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि राधा पासी, एमएस कुंडली, सोनू सरदार, संजीव पांडेय और अनिकेत द्विवेदी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जेल में बंद ठग पर कार और 17.47 लाख हड़पने की रिपोर्ट

- सोनीपत जेल में साइबर ठगी आरोप में बंद कार डीलर पर ठाकुरगंज के एक व्यक्ति ने 17.47 लाख रुपये और फॉच्यूनर कार हड़पने का आरोप लगाया है। जेल आने के बाद से उनकी कार का इस्तेमाल अन्य लोग कर रहे हैं। डीसीपी पूर्वी के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। ठाकुरगंज के मुसाहिबगंज निवासी अतुल निगम ने बताया कि वर्ष 2022 में शाहबाज खान से एचडीएफसी बैंक के माध्यम से करीब 22 लाख रुपये का लोन लेकर वर्ष 2018 मॉडल की टोयोटा फॉच्यूनर कार खरीदी थी। इस पर वह करीब 49,447 रुपये की 17 माह की किस्त जमा कर चुके हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात गोमतीनगर स्थित कार पेडालर ऑटोमोटिव एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के संचालक तुषार प्रताप सिंह से हुई। तुषार ने कार को 24.20 लाख रुपये में खरीदने की बात कही। हामी होने पर 22 जुलाई 2022 को 50 हजार रुपये नकद दिए। 23.70 लाख में से 21,37,500 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए। शेष 2,32,500 रुपये एक महीने में देने का आश्वासन दिया। इसके बाद अतुल ने कंपनी के लेटरहेड पर हस्ताक्षर कर कार डीलर को सौंप दी।

# हाईवे पर प्रसूता का शव रखकर किया प्रदर्शन

## सनराइज अस्पताल प्रबंधन पर लगाया वसूली और इलाज में लापरवाही का आरोप

संवाददाता, बख्शी का तालाब


अस्पताल के बाहर हंगामा करते प्रसूता के परिजन और मौजूद पुलिस।

अमृत विचार: सैरपुर थाना क्षेत्र में स्थित सनराइज हॉस्पिटल में प्रसव ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत हो गई। परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर वसूली व लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव हाइवे पर रखकर प्रदर्शन किया। जिससे लंबा जाम लग गया और यातायात कई घंटे बाधित रहा।

रामपुर बेहड़ा गांव निवासी शोभित ने बताया कि पत्नी अनुष्का (25) का इलाज पहले राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा था। गांव की आशा कार्यकर्ता ने कमीशन के लालच में सरकारी अस्पताल छोड़ निजी अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। शनिवार शाम करीब आठ बजे अनुष्का को सनराइज अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने रविवार दोपहर लगभग तीन बजे सर्जरी की। ऑपरेशन के बाद एक स्वस्थ बेटे का जन्म हुआ। आरोप है कि कुछ ही देर बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि गंभीर स्थिति के बाद भी न तो विशेषज्ञ डॉक्टर बुलाए गए और न ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। कुछ देर बाद अनुष्का ने दम तोड़ दिया। शाम करीब सात बजे परिजन और ग्रामीण शव को लेकर हाईवे पर पहुंच गए और सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सैरपुर व बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजन ने तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। देर रात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### डिस्चार्ज को लेकर निजी अस्पताल में हंगामा

- अमृत विचार, लखनऊ: कौशांबी निवासी 70 वर्षीय कमला देवी को किडनी और न्यूरो संबंधी समस्या के चलते परिजन रविवार रात पीजीआई लेकर पहुंचे थे। वहां वेंटिलेटर खाली न होने की बात कहे जाने पर एंबुलेंस चालक ने बेहतर इलाज का झांसा देकर देर रात करीब डेढ़ बजे कृष्णानगर स्थित एसवीएम अस्पताल में भर्ती करा दिया। दामाद दिनेश का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती के चार घंटे के भीतर इलाज के नाम पर 40 हजार रुपये से अधिक वसूल लिए गए और करीब एक लाख रुपये से अधिक का बिल थमा दिया गया। रुपये न होने पर परिजनों ने इलाज जारी रखने में असमर्थता जताई, लेकिन अस्पताल प्रशासन बिना पूरा भुगतान किए मरीज को छोड़ने को तैयार नहीं हुआ। इस बात को लेकर अस्पताल स्टाफ और परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अस्पताल संचालक मुकेश मिश्रा ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी, कोई अतिरिक्त बिल नहीं लिया गया और नियमानुसार डिस्चार्ज कर दिया गया।

### सेल्स मैनेजर के घर 30 लाख की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ: गुडंबा इलाके में चोरों ने निजी कंपनी के सेल्स मैनेजर के मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत करीब 30 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के दौरान पीड़ित परिवार संग भाई की शादी में गोरखपुर गया था। वापस लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। महानगर में चोर ने घर में घुसकर मोबाइल व चाभी उठाई और बाइक लेकर भाग निकले। कल्याणपुर स्थित प्रगति विहार निवासी प्रदीप गुप्ता एक नामचीत गारमेंट कंपनी में सेल्स मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को भाई की शादी थी। ताला लगाकर वह परिवार के साथ पैतृक निवास गोरखपुर शादी में गए थे।

# अधिवक्ता को अगवा करने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आशियाना सेक्टर-एच निवासी पंकज सिंह अधिवक्ता हैं। वे कोर्ट में कुंदन सिंह यादव के मुकदमे की पैरवी कर रहे हैं। इसी वजह से कुंदन के विपक्षी संदीप यादव उनसे दुश्मनी रखते हैं। आरोप है कि 8 फरवरी की रात वह एक परिचित अधिवक्ता के वैवाहिक कार्यक्रम में बख्शी का तालाब जा रहा था। ठाकुरगंज स्थित वसंत विहार कॉलोनी गेट के सामने संदीप यादव ने दो काली स्कॉर्पियो गाड़ियों से ओवरटेक कर उनकी कार रोक ली। संदीप तीन-चार असलहाधारी लोगों के साथ गाड़ी से उतरे और रिवॉल्वर दिखाकर अपहरण करने की कोशिश की। रिश्तेदार के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जुट गई। आरोपियों ने पैरवी करतने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस ने संदीप व तीन-चार अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

- अमृत विचार, लखनऊ: नशीला पदार्थ खिलाकर महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जानकीपुरम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी सूरज शुक्ला जानकीपुरम के मड़ियांव गांव का रहने वाला है। 30 दिसंबर 2025 को जानकीपुरम पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोप था कि आरोपी बहलाकर महिला को अपने घर ले गया। वहां नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया। शिकायत पर आरोपी ने पीड़िता व उसके परिवार के साथ मारपीट की थी।

### किशोरी से गैंगरेप में एक आरोपी गिरफ्तार

- अमृत विचार, लखनऊ: किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को रहीमाबाद पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को 16 वर्षीय किशोरी परिवार संग मेला देखने रहीमाबाद आयी थी। इसी दौरान किशोरी को आरोपी रोहिणी कुमार बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था। किशोरी के पिता रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कुछ दिन बाद अपहृत किशोरी बरामद कर लिया था। पीड़िता के कलमबंद बयान, मेडिकल रिपोर्ट व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रोहिणी कुमार व उसके अज्ञात साथी के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई। रविवार को आरोपी रोहिणी को गहदो गांव के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ग्राम करौंदी का रहने वाला है। आरोपी मजदूरी करता है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# सिविल कोर्ट में पकड़ा गया फर्जी वकील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सिविल कोर्ट परिसर की तीसरी मंजिल के कोर्ट में वकील की वेशभूषा में एक युवक पहुंच गया। वह एक मुकदमे की पैरवी कर रहा था। उसकी हरकतों से अधिवक्ताओं को संदेह हुआ। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची वजीरगंज पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया और गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया।

वजीरगंज थानाक्षेत्र स्थित सिविल कोर्ट की है। पुलिस के मुताबिक, कैंट के तोपखाना बाजार निवासी गुफरान कोर्ट की तीसरी मंजिल पर एक मुकदमे में वकील की वेशभूषा पहनकर पहुंचा था। वह खुद को अधिवक्ता बताकर केस की पैरवी कर रहा था। कोर्ट परिसर में मौजूद कुछ अधिवक्ताओं को उसके हाव-भाव और व्यवहार पर संदेह हुआ। उन्होंने उससे बार काउंसिल रजिस्ट्रेशन और संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की। संतोषजनक जवाब न मिलने पर मामला संदिग्ध लगने लगा। अधिवक्ताओं ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। वजीरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में वह किसी भी मान्यता प्राप्त बार काउंसिल में पंजीकृत अधिवक्ता नहीं पाया गया।


आरोपी।

इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वह पहले भी इस तरह से कोर्ट में पेश हुआ है या नहीं और उसके पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

### नर्सों के 20 हजार वेतन का मामला श्रम विभाग को सौंपने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ: निजी अस्पतालों की नर्सों को 20 हजार रुपये वेतन दिलाने का मामला श्रम विभाग को सौंपे जाने की तैयारी है। सूत्रों का कहना है कि वेतन से जुड़े विषय श्रम विभाग के अधीन आते हैं, इसलिए आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी उसी विभाग की होगी। राजधानी में लगभग 84 अस्पताल 50 बेड, 25 से 30 अस्पताल 100 बेड क्षमता के हैं। इन में नर्सों को 10 से 12 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देकर प्रतिदिन आठ से दस घंटे कार्य लिया जा रहा है।

## सिटी डायरी


अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लेआउट प्लान देखते पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर व अन्य।

### महाप्रबंधक ने किया ऐशबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ: पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने रविवार को मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल व अन्य अधिकारियों के साथ ऐशबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। प्लेटफार्म एक पर अमृत भारत स्टेशन योजना के प्रस्तावित लेआउट प्लान को देखा। यात्री सुविधाओं के विस्तार और विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग कार्यालय, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, अनारक्षित टिकट खिड़की, प्लेटफॉर्म और लाइटिंग, फसाड लाइटिंग, खानपान स्टॉल, फुट ओवर ब्रिज तथा द्वितीय प्रवेश द्वार सहित निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर निर्धारित समय में कार्य करने के आदेश दिए। स्वच्छता, पेयजल, प्रतीक्षालय और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा परिचालनिक संरक्षा को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।


सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी और मुख्य अतिथि।

### कर्मचारी किसी भी व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी

अमृत विचार, लखनऊ: विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन का महासम्मेलन रविवार को कैसरबाग स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में हुआ। इसका उद्घाटन निदेशक कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन डॉ. जान मैथ्यू ने किया। महाप्रबंधक प्रदीप कुमार सहित सभी वितरण कंपनियों व परियोजनाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अवस्थी बब्बू ने कर्मचारियों की समस्याएं उठाईं। डॉ. जान मैथ्यू ने आश्वासन दिया कि संगठन की मांगों का अधिकारियों से चर्चा कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। गोपाल कृष्ण गौतम, मोहन जी श्रीवास्तव, नवीन गौतम, एके माथुर, सरजू त्रिवेदी, मनोज सिंह, पीसी वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, अजय अवस्थी, और अंकित अग्निहोत्री अनुपम, आलोक कपूर ने संबोधित किया।


बैठक में शामिल संगठन के पदाधिकारी और कर्मचारी।

### संविदा मजदूर संगठन की कार्यकारिणी की बैठक हुई

अमृत विचार, लखनऊ: विद्युत क्षेत्र के संविदा कर्मियों के हितों को लेकर संविदा मजदूर संगठन की बैठक रविवार को नरही स्थित केंद्रीय कार्यालय में अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य सरकार से मांग की गई कि ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स कर्मचारी निगम में शामिल किया जाए। अन्य समस्याएं भी उठीं। मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडेय ने बताया कि छंटनी जारी रहने पर संबंधित जिलों में कार्य बहिष्कार किया जाएगा। आरएस राय सहित अरुण कुमार, प्रभारी पुनीत राय, राजेश्वर सिंह, सुनील सिंह, अशोक पाल, संजय सिंह, धनंजय राजभर मौजूद रहे।


मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए स्वतंत्र देव सिंह, आनंद द्विवेदी व अन्य कार्यकर्ता।

### मन की बात सुनी

अमृत विचार, लखनऊ: प्रधानमंत्री के 'मन की बात' के 131 संस्करण को भाजपाइयों ने सुना। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी कैंट, सालदार पार्क में राज्यसभा सासंद डॉ दिनेश शर्मा, चिनहट में एलएमसी मुकेश शर्मा, अलीगंज में एमएलसी संतोष सिंह, गोमतीनगर में एलएमसी अनूप गुप्ता, नगर निगम में महापौर सुषमा खर्कवाल, इंजीनियरिंग चौराहा पर विधायक डॉ नीरज बोरा, लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड में विधायक ओपी श्रीवास्तव ने मौजूद रहे।

## अपराध

### निवेश पर छह माह में दोगुना रिटर्न का दिया था आश्वासन

# सोने की खदान में निवेश का झांसा दे 22.15 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फाइनेंस कंपनी की महिला संचालक ने महानगर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: अफ्रीका में सोने की खदान के कारोबार में निवेश करने के नाम पर जालसाजों ने फाइनेंस कंपनी की महिला संचालक से 22.15 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने महानगर कोतवाली में दंपति समेत चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

निशातगंज निवासी निधि गौतम मोहल्ले में एनके फाइनेंस कंपनी चलाती हैं। कंपनी में क्रेडिट कार्ड बनवाने और फोटो कॉपी का काम होता है। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 2025 को मुंबई के पालघर निवासी कलीम हाशमी क्रेडिट कार्ड बनवाने आया था। उसने बताया कि उसकी कंपनी को अफ्रीका में सोने की खदान चलाने का ठेका मिला है। निवेश करने पर छह माह से एक साल में दोगुना मुनाफा मिलेगा। अगले दिन घर आकर निवेश कराने के लिए राजी कर लिया। निधि ने रिश्तेदारों और दोस्तों ने रुपये लेकर 24 लाख इनवेस्टकर दिए। तय समय पर 1.85 लाख रुपये दिए। उसके बाद कुछ नहीं दिया। रुपये लौटाने का दबाव बनाने पर 15 जुलाई को आलमबाग बुलाया। वहां कलीम के बेटे रेहान, उसकी पत्नी अंजुम, बेटे रेहान, साथी साहिल व दो अज्ञात लोगों ने घेर कर धमकाया और सुलहनामा पर हस्ताक्षर करा लिए। कनपटी पर असलहा सटाकर विधानभवन के सामने हंगामा करने पर धमकी भी दी। पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आदेश पर महानगर पुलिस ने कलीम हाशमी निवासी पालघर, महाराष्ट्र, उनकी पत्नी अंजुम कलीम निवासी गोंडा, बेटा रेहान निवासी नटखेड़ा आलमबाग, साहिल निवासी भवेदा नई बस्ती व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मुनाफे का झांसा देकर युवती से ठगे 8.63 लाख

- शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर जालसाज ने विकासनगर की युवती से 8.63 लाख रुपये ऐंठ लिए, जबकि साइबर जालसाजों ने तीन युवकों के खाते से 3.20 लाख रुपये उड़ा लिए। विकासनगर सेक्टर-8 निवासी दीपाली शर्मा के टेलीग्राम पर शेयर ट्रेडिंग में निवेश का मैसेज आया। संपर्क करने पर बात करने वाले ने खुद को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का प्रतिनिधि बताया। एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ कर एप इंस्टॉल कराकर डीमैट अकाउंट खोला। उसके बाद कई बार में 8,63,352 रुपये निवेश के नाम पर ट्रांसफर करा लिए। दीपाली ने विड्राल करने का प्रयास किया तो अकाउंट बंद कर दिया गया। पीड़िता ने विकासनगर थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठाकुरगंज के सराय माली खां निवासी मयंक दीक्षित के पास आरटीओ चालान का मैसेज व्हाट्सएप पर आया। लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद इंडसइंड बैंक के खाते से 1.30 लाख रुपये निकल गए। साइबर सेल में शिकायत करने के बाद मयंक ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, गोमतीनगर के विनीतखंड निवासी सुधान ने बताया कि 17 फरवरी को गूगल से अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की एजेंसी का नंबर हासिल कर कॉल कर। जालसाज ने सीमेंट और लोहा डिलीवरी का झांसा देकर 25 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके अलावा जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी दिलीप सिंह ने बताया कि सोलर प्लांट के लिए आवेदन किया था। कुछ दिन पहले जालसाज ने कॉल की। पांच किलोवॉट और सात किलोवॉट कनेक्शन के नाम पर 1,64,912 रुपये जमा करा लिए।

### सिटी ब्रीफ

**खैराबाद–सीतापुर रेल खण्ड अस्थायी रूप से बंद**

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल प्रशासन ने बताया कि लखनऊ मंडल के खैराबाद–सीतापुर रेल खण्ड के मध्य स्थित समपार संख्या–71 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग व अनुरक्षण कार्य प्रस्तावित है। निर्धारित कार्य के अंतर्गत 24 फरवरी को प्रात: 08:00 बजे से 25 फरवरी को प्रात: 06:00 बजे तक खैराबाद से लहरपुर जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग पूर्णत: बाधित रहेगा। इस अवधि में आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध रहेंगे। यह कार्य रेलपथ की संरक्षा व सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

**मासिक बैठक में दी विधि सिंह को श्रद्धांजलि**

**अमृत विचार, लखनऊ:** जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन (जेपीए) की मासिक बैठक रविवार को चिनहट क्षेत्र स्थित शिवपुरी कॉलोनी के प्रधान कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों ने पत्रकार विधि सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पत्रकारिता में उनके योगदान को स्मरण किया। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि जेपीए पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे ने भी उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। बैठक में संरक्षक सदस्य विवेक विश्व पाण्डेय, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**भर्तियों पर उठे सवाल तो पदोन्नति पर फंसा पेंच**

**अमृतविचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित अपर निजी सचिव जो सीबीआई जांच के दायरे में है, उनकी पदोन्नति को लेकर पेंच फंस गया है। पदोन्नति को लेकर सरकार द्वारा महाधिवक्ता से कानूनी राय मांगी गई है। लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले छात्रों की मांग पर 32 अपर निजी सचिव के चयन को लेकर जांच चल रही है। प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि आयोग की अपर निजी सचिव भर्ती–2010 के माध्यम से चयनित हुए अभ्यर्थियों का चयन अनियमितता से हुआ है। सरकार ने वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्तियों की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। सीबीआई ने आयोग की अपर निजी सचिव (उत्तर प्रदेश सचिवालय) भर्ती, 2010 की प्रारंभिक जांच करने के बाद 4 अगस्त 2021 को आयोग के तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक, आयोग के अज्ञात कर्मचारियों व अज्ञात बाहरी व्यक्तियों के विरुद्ध चयन प्रक्रिया में धोखाधड़ी करने के लिए अभियोग पंजीकृत कराया था।

**आगाज में दिखा साहित्य संवाद का संगम**

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहर में रविवार को साहित्य, संवाद और संस्कृति का भव्य संगम देखने को मिला, जब कविशाला द्वारा आयोजित आगाज लखनऊ साहित्यिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गोमतीनगर स्थित शीरोज हैंगआउट कैफे में किया गया। वरिष्ठ पत्रकार और भाषा चिंतक राहुल देव ने पत्रकारिता और भाषा संवाद विषय पर विचार रखे। इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट, लोक कलाकार मालविका हरिओम, पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी पंकज प्रसून राजेश कुमार, डॉ. ओम शर्मा ओम, डॉ. संजय मिश्रा शौक, लोकेश त्रिपाठी, आदर्श श्रीवास्तव, अभिष्टेष्ठ तिवारी, डॉ. सुधा मिश्रा, देवेन्द्र दीक्षित, प्रेरणा, आलोक भी विचार रखे।

# होली के गीतों पर थिरकीं 75 वर्ष की दादी अम्मा

## विभूति खंड के आमोद आश्रम में आयोजित कार्यशाला युवा से बुजुर्ग महिलाओं तक ने दी नृत्य, संगीत की प्रस्तुति



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के विभूति खंड स्थित आमोद आश्रम में होली एवं अन्य पारंपरिक लोकगीतों पर आधारित एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रख्यात लोकगायिका डॉ. सुचरिता गुप्ता के निर्देशन में 25 से 75 वर्ष आयु वर्ग की 65 से अधिक महिलाओं ने नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद प्रतिभागियों ने होली एवं विभिन्न लोकगीतों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। सुप्रसिद्ध ठुमरी गायिका सिद्धेश्वरी देवी की पुत्री और पद्मश्री सविता देवी की पटशिष्या डॉ. सुचरिता ने गुरु-शिष्य परंपरा में बनारस के पूरब अंग की गायकी को उनके सानिध्य में रहकर आत्मसात किया है। आकाशवाणी की टॉप ग्रेड कलाकार के रूप में वे लोकगीतों की परंपरा को घर-घर तक पहुंचाने तथा बेटी-बहुओं के माध्यम से इस सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं।



से अवधी एवं भोजपुरी पारंपरिक गीतों की कार्यशाला में गीत प्रस्तुत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

कार्यशाला की मंचीय प्रस्तुति रविवार को उर्दू अकादमी के सभागार में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर रहे। संयोजक और आमोद आश्रम की सचिव अनिता श्रीवास्तव, डॉ. नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. अनामिका श्रीवास्तव रहीं। जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ। अंत में डॾ. शोभित नाहर एवं डॉ. सुचरिता गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# हाथी-घोड़ों के साथ निकाली गई श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** श्याम ज्योत मंडल के श्याम निशानोत्सव यात्रा के तीसरे दिन रविवार को श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा हाथी, घोड़ों, ऊंटों पर सैनिक की सवार के साथ देवी देवताओं और महापुरुषों की झांकियों के साथ निकाली गई।

मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा में श्याम भक्त सर पर राजस्थानी रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे हाथों में श्याम निशान को लहराते ध्वजावाहक कदमताल करते हुए चल रहे थे। मुझे लेके चलो ना फागुन के मेले में..., फागण में होली मनाएंगे चलो खाटू नगरिया..., सतरंगी फागुण का मेला आया..., श्याम भक्तों की टोली निशान लेकर चला फागुण मेले में..., फागुन की मस्ती तेरे भक्तों पे छाई..., खाटू जैसा दरबार नहीं देखा..., फागण में होली खेल रहा कलयुग का अवतारी खाटू नरेश..., जादू तुमने सांवरे कैसा चला दिया... जैसे भक्तिमय गीतों पर बैंड बाजा ढोल नगाड़े की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे।

मंजू, प्रेमा, राजरानी, साक्षी, पायल, शिखा ने बताया कि शोभायात्रा में सर्वप्रथम लाल रंग विशाल ध्वज संकट मोचन हनुमान एवं पीताम्बर रंग ध्वज कलयुग के अवतारी बाबा श्याम का है। फूलों से सुसज्जित रथ पर अखंड जोत व बाबा श्याम की मनमोहिनी छवि के दर्शन श्याम प्रेमी कर रहे थे। भक्तों ने कई जगहों पर पुष्पवर्षा कर बाबा श्याम का स्वागत किया। श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क से शुरू होकर रामनगर, शास्त्रीनगर, रकाबगंज, पांडेयगंज, रानीगंज, सराय फाटक, फतेहगंज, अमीनाबाद, श्रीराम रोड, कैसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए गोमती तट स्थित खाटू श्याम मन्दिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां पर बाबा का निशान अर्पित किया गया।



श्याम सतरंगी ध्वजा यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

इस अवसर पर श्रवण अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनुपम मित्तल, अशोक अग्रवाल, योगेन्द्र अग्रवाल, विवेक गोयल, मोहित गोयल, अनिल, मुकेश एवं समिति के सदस्य मौजूद थे। सोमवार को सायं 4 बजे मण्डल के सदस्य बस द्वारा खाटू में बाबा श्याम को अर्पित करने के लिए निशान ले कर जाएंगे तथा 24 फरवरी को बाबा श्याम को चढ़ाएंगे। इसके पश्चात 26 फरवरी को लखनऊ वापिस आएंगे।

# आरएसएस की जन गोष्ठी में 100 वर्षों की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभाग प्रचारक अनिल ने स्थापना से वर्तमान विस्तार तक रखा संघ का दृष्टिकोण

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को सुशांत गोल्फ सिटी, अंसल स्थित एक निजी स्कूल में जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गोष्ठी के मुख्य वक्ता लखनऊ के विभाग प्रचारक अनिल रहे। उन्होंने संघ की स्थापना से लेकर 100 वर्षों की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में की गई थी। उस समय देश पराधीनता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था और समाज में स्वबोध तथा स्वाभिमान सुप्त अवस्था में था। ऐसे समय में चरित्र निर्माण और संगठन के माध्यम से समाज को जागृत करने का संकल्प लिया गया।

उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। संघ की विचारधारा में चरित्र, अनुशासन और सेवा भाव को प्रमुखता दी जाती है, जिससे राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाया जा सके। आज समाज का प्रत्येक वर्ग विपरीत परिस्थितियों में संघ की ओर आशा और समाधान की दृष्टि से देखता है।

संघ के कार्य विस्तार पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि आज संघ का कार्य देश के अधिकांश जिलों में संचालित हो रहा है। लगभग 51,710 स्थानों पर करीब 90,000 शाखाएं और 22,868 मिलन केंद्रों के माध्यम से संगठन सक्रिय है। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक प्राचीन राष्ट्र ही नहीं, बल्कि चिरंतन राष्ट्र है, जिसकी सेवा और आराधना स्वयंसेवकों का ध्येय है। कार्यक्रम में संघचालक डॉ. देवेश कुमार, हेमनारायण पाठक, रामकरण, भूपेश दूबे, आरपी, विमल, रामगोपाल काका, अरविंद त्रिपाठी, बागीश, आनंद, बहादुर देशवाल, सुनील पाण्डेय, विजय कुमार स्वर्णकार, मीना, ओमप्रकाश, अजीत राय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




जन गोष्ठी को संबोधित करते अनिल, मौजूद अन्य लोग।

## थायरॉयड व ब्रेस्ट सर्जरी में कारगर

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्कारलेस तकनीक ऐसी आधुनिक सर्जिकल पद्धति है, जिसमें ऑपरेशन के बाद शरीर पर दिखाई देने वाला निशान नहीं रहता या बहुत ही कम और छिपा हुआ रहता है। इसमें छोटे छेद, प्राकृतिक छिद्र जैसे मुंह या छिपे हुए स्थान जैसे बगल से सर्जरी की जाती है। स्कारलेस सर्जरी में आमतौर पर एंडोस्कोपिक सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी व ट्रांसओरल-नैचुरल ओरिफिस सर्जरी शामिल हैं।

चिकित्सकों के साथ लोगों का भी इस पर भरोसा बढ़ रहा है। यह जानकारी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग की ओर सेआयोजित दो दिवसीय ब्रेस्ट एंड एंडोक्राइन सर्जरी टेक्नोलॉजिकल एडवांसेज संगोष्ठी एवं कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साझा की। कार्यक्रम आयोजन अध्यक्ष प्रो. एसके मिश्रा, आयोजन सचिव डॉ. सारा इदरीस, सह-आयोजन सचिव डॉ. मिथुन राम एवं डॉ. अश्विनी राहलकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## ख़ुम्स के पैसों से बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जा सकती है

**अमृत विचार, लखनऊ:** दीनी और शरई जानकारियां रमजान में शिया और सुन्नी दोनों हेल्पलाइन पर उपलब्ध हो रही हैं। रोजेदारों ने इन हेल्पलाइन पर जो सवालात पूछे उनके जवाब इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद और आयतुल्लाह अल उज़मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने दिए। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया की हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि क्या रोजे की हालत में बार बार हिचकी आने से रोजा खराब हो जाता है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि हिचकी आने से रोजे पर कोई असर नही होगा। एक रोजेदार ने पूछा कि मेरे पास किसी ने कुछ रकम अमानत रखी है, इस रकम पर जकात देना मेरा फर्ज है या जिसकी रकम है वह अदा करेगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि जिसने रकम अमानत के तौर पर दी है उसके जिम्मे जकात लाजिम है। अगर उसने आप को इख़्तियार दे दिया तो आप भी अदा कर सकते हैं। शिया हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि रोजेदार पहले नमाज पढ़ें या पहले इफ़्तार करें, किस चीज में ज्यादा सवाब है? जवाब में बताया कि इमाम मुहम्मद बाक़िर ने फ़रमाया है कि नमाज को इफ्तार पर प्राथमिकता दो, लेकिन अगर किसी ऐसे समूह के साथ बैठे हो जो पहले इफ़्तार को पसंद करते हैं, तो उनके साथ रोजा इफ्तार करो।

## पुण्यतिथि मनाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी की ओर से देश के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की पुण्यतिथि पुस्तकालय सभागार, औरंगाबाद खालसा, में संगोष्ठी की गई। अकादमी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी, रांची विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. जमशीद कमर, प्रो. सोफिया अहमद, प्रोफेसर सफिया, इंडियन एयर फोर्स के ग्रुप कैप्टन दिनेश चंद्र (सेवानिवृत्त) ने विचार रखे।

### सिटी डायरी

**ममता कर रहीं रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को नागरिकता दिलाने में मदद**



पत्रकारों से चर्चा करते भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार।

**अमृत विचार,, लखनऊ:** पश्चिम बंगाल के रानाघाट से लोकसभा सदस्य जगन्नाथ सरकार ने एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत रविवार को अपने लखनऊ प्रवास पर थे। लखनऊ में रह रहे बंगाली समाज के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने हिस्सा लिया। इस दौरान वह मीडिया से मुखातिब हुए। वीवीआइपी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी फ्लॉप रहीं, जनता को अब विकास करने वाली सरकार चाहिए। जगन्नाथ ने ममता पर रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को भारतीय नागरिकता दिलाने में मदद करने और पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाने के आरोप लगाया। एसआईआर वोटर लिस्ट दुरुस्त करने की सामान्य प्रक्रिया है लेकिन ममता इसका विरोध करती हैं क्योंकि वह घुसपैठियों को मतदाता बनाए रखना चाहती है।




पिंजरा तोड़ में प्रदर्शन करते लोग।

**पिंजरा तोड़ रैली निकाली**

**अमृत विचार, लखनऊ:** पशु–अधिकार समर्थकों ने रविवार को 'पिंजरा तोड़' रैली निकालकर स्ट्रीट डॉग से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के विरोध में आवाज उठाई। रैली 1090 चौराहे से शुरू होकर लोहिया पार्क तक पहुंची, जिसमें लगभग 1000 लोग शामिल हुए। प्रतिभागी हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए थे। कई टी–शर्ट्स पर "जीवों पर दया करना ही तीर्थ और पूजा करना है" जैसे संदेश लिखे थे। रैली में देशभर से 10 प्रमुख एक्टिविस्ट भी पहुंचे। पशु–अधिकार कार्यकर्ता अंबिका शुक्ला, सार्वजनिक नीति विशेषज्ञ व नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित गौरी मौलेखी, तेलंगाना में पशु–मृत्यु मामलों पर सक्रिय संक्षय चब्बर, वरिष्ठ अधिवक्ता पर्सिबल बिलिमोरिया शामिल रहे।




नागर जी की ड्योढ़ी पर मौजूद लोग।

**नागर जी की ड्योढ़ी पर चढ़ाए फूल**

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौक की बान वाली गली में अमर कथाकार अमृतलाल नागर की ऐतिहासिक ड्योढ़ी पर शहर के प्रबुद्ध जनों ने श्रद्धा के फूल चढ़ाए। खंडहर में बदल रहे उनके आवास पर रविवार को लोगों ने पुष्पांजलि दी तथा बान वाली गली स्थित सेठ पन्नालाल अग्रवाल धर्मशाला में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से आयोजित लोक चौपाल में नागर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। राजेन्द्र वर्मा, संचित स्मृति ट्रस्ट के प्रतिनिधि नरेन्द्र वर्मा, प्रो. ऋचा नागर, डॉ. दीक्षा नागर, दयानंद पाण्डेय डॉ. सुधा द्विवेदी, जीतेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता मौजूद रहे।



स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल में आर्ट एंड क्राफ़्ट प्रदर्शनी में शामिल महिलाएं।

**आर्ट एंड क्राफ़्ट प्रदर्शनी का आयोजन**

**अमृत विचार, लखनऊ:** गीतापल्ली आलमबाग स्थित स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल में आर्ट एंड क्राफ़्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्र– छात्राओं ने क्राफ्ट से संबंधित विभिन्न कलाकृतियों और विज्ञान आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सुषमा शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में असीमित संभावनाएं होती है। आवश्यकता इस बात की है कि उसे पहचान कर निखारा जाए।

### समापन समारोह

**22वीं पुष्प एवं चित्रकला प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया**

# पुष्प प्रदर्शनी में विश्व नारायण श्रीवास्तव ने जीता कप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : महानगर स्थित डॉ. एससी राय पार्क (ई-पार्क) में नगर निगम द्वारा आयोजित 22वीं पुष्प एवं चित्रकला प्रदर्शनी का रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समस्त 24 वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विश्व नारायण श्रीवास्तव को विशेष रूप से 2100 रुपये की नगद राशि एवं विनर कप प्रदान किया गया।




पुष्प प्रदर्शनी में महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ विजेता बच्चे और अन्य लोग।

सदाबहार पत्तियों वाले गमलों में संस्थागत वर्ग में उद्यान भवन सप्रू मार्ग, व्यक्तिगत वर्ग में विश्व नारायण श्रीवास्तव, जाड़े के मौसमी फूलों में संस्थागत वर्ग में उद्यान भवन तथा व्यक्तिगत वर्ग में रमेश कुमार को विजेता घोषित किया गया। फूलों के कलात्मक समूह में रमेश कुमार और सिनरेरिया सज्जा वर्ग में अधीक्षक, राजकीय उद्यान आलमबाग, बोगेनविलिया वर्ग में निदेशक, सीमैप विजयी रहे। गुलाब (कट फ्लावर) संस्थागत वर्ग में राजकीय उद्यान, आलमबाग तथा व्यक्तिगत वर्ग में हर्षिमा कुमारी, गमलों में लगे गुलाब वर्ग में निदेशक, सीएसआईआर-सीमैप लखनऊ विजयी रहे।

डहेलिया वर्ग में संस्थागत श्रेणी में राघवेन्द्र यादव तथा व्यक्तिगत वर्ग में प्रियंका श्रीवास्तव और डहेलिया कट फ्लावर वर्ग में रामचंद्र विजेता रहे।

शादी मंडप सज्जा वर्ग में अंशु इंटरप्राइजेज को पुरस्कार प्रदान मिला। सक्यूलेंट एवं बोनसाई वर्ग में सचिन यादव और वर्टिकल वॉल सज्जा में अरुण कुमार विजेता रहे। सजीव पौधों से बनी आकृतियों के वर्ग व्यक्तिगत पुरस्कारों में विश्व नारायण श्रीवास्तव और शाक-भाजी वर्ग में पंकज कुमार कश्यप विजेता रहे। निर्यात योग्य प्रमुख पुष्प वर्ग में विश्व नारायण श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा 'अन्नू', गौरी सांवरिया, पार्षद मुकेश सिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शंखधर, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, उद्यान प्रभारी नंद किशोर, उद्यान अधीक्षक गंगा राम गौतम, शशिकांत शशि, आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 23 फरवरी 2026



# लविवि की लाल बारादरी के जीर्णोद्धार के विरोध में हंगामा

## एनएसयूआई, समाजवादी छात्र सभा और आइसा के सदस्यों ने परिसर के बाहर पढ़ी नमाज और किया रोजा इफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** करीब 225 वर्षो पुरानी जर्जर लाल बारादरी के जीर्णोद्धार के विरोध में रविवार को समाजवादी छात्र सभा, एनएसयूआई और आइसा से जुड़े छात्रा ने प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप इन संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लाल बारादरी के बाहर नमाज पढ़ी और रोजा इफ्तार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि विवि प्रशासन ऐतिहासिक इमारत को तोड़कर संघ का एजेंडा लागू करना चाहता है।

विश्वविद्यालय परिसर के बीच में स्थित लाल बारादरी बहुत ही जर्जर हो गई है। इमारत में बड़ी-बड़ी झाड़िया और पेड़ उग आए हैं। इसे देखते हुए विवि प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड लगाकर भवन में प्रवेश एवं अन्य गतिविधियां प्रतिबंधित कर दी हैं। बारादरी जर्जर होने से अंदर स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ना पहले ही प्रतिबंधित किया है। विवि प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से भवन के चारों तरफ फेंसिंग लगाने के लिए खुदाई शुरू कराई। एहतियातन पुलिस बल भी लगा दिया गया। निर्माण कार्य की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में छात्र पहुंच गए और विरोध करने लगे। उनका कहना था कि लाल बारादरी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्थल है, इसलिए बिना उसकी अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता।

### वन विंडो सिस्टम बनाया जाए

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र जतीन शुक्ला का कहना है कि यह भवन विश्वविद्यालय परिसर के बीच है। इसकी मरम्मत करनी चाहिए और वन विंडो सिस्टम के तहत छात्रों की हर समस्या का समाधान एक स्थान पर करने वाला भवन विकसित किया जाए। जिससे उसे विश्वविद्यालय चक्कर न काटना पड़े।




लाला बारादरी के सामने बैठकर नारेबाजी करते एनएसयूआई, समाजवादी छात्र सभा व आइसा के सदस्य और रोजा इफ्तार करते प्रदर्शनकारी। अमृत विचार

### जीर्णोद्धार के लिए 5 करोड़ रुपये स्वीकृत

- लाल बारादरी के जीर्णोद्धार के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने गत वर्ष ही पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। यह कार्य प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत प्राप्त अनुदान से होना है। उल्लेखनीय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय को पीए उषा के अंतर्गत 100 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। नवाबी दौर की यह इमारत ओपन-एयर थिएटर की भव्य पृष्ठभूमि बनेगी, जहां साहित्य महोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने योजना है।

## चैलेंज मूल्यांकन को मिला अंतिम मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा 2025-26 के लिए चैलेंज मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। संबद्ध सभी संस्थानों के छात्र-छात्राओं के लिए विषम सेमेस्टर परीक्षा के चैलेंज मूल्यांकन निर्देश जारी किए गए हैं। विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच आयोजित की गइर थी जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें जो छात्र अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, वह चैलेंज मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। चैलेंज मूल्यांकन की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में छात्र प्रति विषय 300 रुपये शुल्क ईआरपी लॉगिन के माध्यम से 21 फरवरी से 6 मार्च तक ऑनलाइन जमा कर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका देखने हेतु आवेदन कर सकते हैं। डिजिटल उत्तर पुस्तिका देखने के बाद यदि छात्र असंतुष्ट रहते हैं, तो द्वितीय चरण में 2,500 रुपये शुल्क जमा कर पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। दो विशेषज्ञों द्वारा दिए गए अंकों का औसत अंतिम माना जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### जिला एथलेटिक्स टीम के गठन को ट्रायल कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रथम यूपी स्टेट इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने वाली लखनऊ जिले की एथलेटिक्स टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल 24 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल सुबह आठ बजे से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुरू होंगे। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि पुरुष और महिला वर्ग के साथ-साथ अंडर-20 पुरुष और महिला वर्ग में भी आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

### मिलानी क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का फिक्चर जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिलानी क्लब के देखरेख में आगामी एक मार्च को आरडीएसओ स्टेडियम में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जायेगा। लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के समन्वय से होने वाले इस टूर्नामेंट का फिक्चर रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जारी किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागी टीमों के सचिव, कोच और निर्णायक मौजूद रहे। इस नॉकआउट टूर्नामेंट में टेक्ट्रो क्लब, लखनऊ सिटी, न्यू ब्वॉयज, मिडविंटर, एलडीए अलीगंज, नीलमथा, मिलानी क्लब, एक्स स्टूडेंट, आरए ब्वॉयज और युवा क्लब सहित 10 टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी।

### इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आज ''इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2026'' के दौरान विविध साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ''क्विज़'' और ''जस्ट ए मिनट'' प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। महमूदाबाद हॉल में छात्रों के लिए साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तिलक हॉल में छात्राओं के लिए पारंपरिक और प्रदर्शन कलाओं पर कार्यक्रम हुए। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने जटिल डिजाइनों और जीवंत रंगों के माध्यम से अपनी कलात्मक सूक्ष्मता का प्रदर्शन किया। वहीं हॉल के भीतर, गायन और मिमिक्री की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

### वूंडेड बट नॉट ब्रोकन पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** वूण्डेड बट नॉट ब्रोकन स्ट्राइविंग एंड थ्राइविंग डेस्पाइट चैलेंजेज पुस्तक का विमोचन लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया गया। पुस्तक का संपादन प्रो. मधुरीमा प्रधान, डॉ. नगमा जावेद व डॉ. प्रज्ञा सिंह ने किया है। कार्यक्रम की शुरुआत पैनल चर्चा से हुई। वक्ताओं ने मेंटल हेल्थ, साइकोलॉजिकल इम्यूनिटी, कैरेक्टर स्ट्रेंथ्स, गाइडेड मेडिटेशन और स्पिरिचुअल कॉन्शसनेस जैसे विषयों पर विचार रखे। भारतीय ज्ञान प्रणाली को पब्लिक पॉलिसी फ्रेमवर्क से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

### स्टार्टअप्स पर विशेष संवाद सत्र का आयोजन

**अमृत विचार लखनऊ :** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन द्वारा भारतीय स्टार्टअप्स एवं उद्यमियों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में कोरिया विषय पर विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोनेट इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल व स्टार्टइन यूपी प्रदेश सरकार के सहयोग आयोजित किया गया। प्रोचांसलर डॉ. निदा फातिमा ने संक्षेप में आईएसएफ और विश्वविद्यालय की दृष्टि पहलों तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। दक्षिण कोरिया स्थित भारतीय दूतावास में काउंसलर, हेड ऑफ चांसरी अनन्या अग्रवाल ने कोरियाई समाज की सोच एवं दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

# शुआई जिआओ में मेजबान उत्तर प्रदेश चैंपियन

## 11 स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य जीते, गुजरात दूसरे और कर्नाटक तीसरे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय शुआई जिआओ चैंपियनशिप के अंतिम दिन मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मेजबान टीम ने सर्वाधिक 11 स्वर्ण पदक जीते। गुजरात की टीम दूसरे और कर्नाटक की तीसरे स्थान पर रही।

विजेता उत्तर प्रदेश की टीम ने 11 स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य समेत 26 पदक जीते। गुजरात के खिलाड़ियों ने नौ स्वर्ण, पांच रजत, चार कांस्य समेत 18 और कर्नाटक ने आठ स्वर्ण, पांच रजत, सात कांस्य समेत 20 पदक जीते। उद्धव धिंगरा (उत्तर प्रदेश), युवराज (कर्नाटक), संतोष (कर्नाटक) और अंशुल माथुर (उत्तर प्रदेश) ने अपनी-अपनी श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। सीनियर पुरुष वर्ग में गुजरात के राठौड़ जैनिल नरेश और उत्तर प्रदेश के शिवम तोमर ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु सहाय, कलारीपयटटू एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण गर्ग, प्रदीप भारद्वाज, राज सक्सेना और डॉ. वैभव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



अतिथियों के साथ चैंपियन उत्तर प्रदेश टीम के पदक विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

### कबड्डी में मेरठ टीम बनी विजेता

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की कबड्डी में मेरठ की टीम चैंपियन बनी। फाइनल मैच में उसने प्रयागराज की टीम को पराजित किया। आगरा की टीम तीसरे स्थान पर रही। केडी सिंह बाबू स्टेडियम अंतिम दिन पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रयागराज के रितेश ने स्वर्ण पदक जीता। अलीगढ़ के आकाश दूसरे और बरेली के आजाद तीसरे स्थान पर रहे। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम एवं निदेशक प्रशिक्षण अभिषेक सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए। सफल आयोजन के लिए संयुक्त सचिव ए.के. राणा और बी.बी. सिंह को भी प्रमाण पत्र दिया गया।



विजेता को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव डॉ हरिओम ।

### टाइगर्स ने लायंस को सात विकेट से हराया

- **अमृत विचार, लखनऊ :** इकाना बी स्टेडियम में रविवार को राज्य कर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच रोमांचक टी-20 क्रिकेट मैच खेला गया। अपर आयुक्त (ग्रेड-1) बृजेश मिश्रा के देखरेख में आयोजित इस मैच में लखनऊ टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ लायंस को सात विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ लायंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 108 रन बनाए। जवाब में संयुक्त आयुक्त यूपी सिंह की कप्तानी वाली लखनऊ टाइगर्स ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मात्र 14 ओवर में तीन विकेट खोकर 109 रन बना मुकाबला अपने नाम कर लिया। टाइगर्स की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विशाल मिश्रा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं आशीष यादव को बेस्ट बैट्समैन, अनुपम को बेस्ट बॉलर तथा विनय कुमार को बेस्ट फील्डर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कामिनी चौहान रतन (प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य कर) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना की सराहना की। उपायुक्त प्रशासन अनिल हरित की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त नीरज सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### गोल्फ लीग में अवध ईगल्स, स्टिंगर्स और बीबीडी रेंजर्स जीते

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण के सातवें दिन ग्रुप-बी में राउंड 4 में दिग्गज टीमों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दिन की शुरुआत स्टिंगर्स की जीत से हुई। उन्होंने पीआर हुंडई जो रॉयल्स को 4-1 के बड़े अंतर से पराजित किया। स्टिंगर्स की ओर से बबली नंदा और अनुज अग्रवाल और राजेश कुमार मिश्रा व डॉ. संजय कुमार की जोड़ियों ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए महत्वपूर्ण अंक जुटाए। दूसरे मुकाबले में अवध ईगल्स ने पार सीकर्स को 3.5-1.5 से शिकस्त दी। आनंद कुमार शुक्ला और शमशेर बहादुर सिंह की जोड़ी ने निर्णायक मुकाबला जीतकर टीम को बढ़त दिलाई। पूरे मैच में अवध ईगल्स के खिलाड़ियों ने संयम और सटीक शॉट्स का प्रदर्शन करते हुए जीत सुनिश्चित की। दिन के अंतिम मुकाबले में बीबीडी रेंजर्स ने अमेजिंग ओरिजिन्स को 3.5-1.5 से हराया। जोहेब सिद्दीकी और गगन वोरा की जोड़ी का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। निर्णायक पलों में सटीक खेल ने टीम को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। राउंड चार के बाद अंक तालिका में रोमांचक स्थिति बन गई है। अवध ईगल्स 13 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर काबिज है। स्टिंगर्स 12.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि बीबीडी रेंजर्स 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# गोल्डन ओक्स ने जीता आर्मी कमांडर कप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ रेसकोर्स में रविवार को 1000 मीटर ट्रैक पर रेस बिजली की गति से पूरी कर गोल्डन ओक्स ने आर्मी कमांडर कप अपने नाम किया। थारोब्रीड घुड़दौड़ में एंजेल इन माई हार्ट दूसरे और चोपिन (जॉकी- मोनू) तीसरे स्थान पर रहा। इंडियन ब्रीड रेस में शान-ए-अजीम ने पहला, अलोहा (ने दूसरा और स्प्रिचुअल फोर्स ने तीसरे स्थान प्राप्त किया।

रेस के बाद दर्शकों के लिए रोमांचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इसमें बेस्ट हैट (जेंटलमैन) का खिताब सूफियान सिद्दीकी और बेस्ट हैट (लेडी) का खिताब रितु पुंडीर ने जीता। बेस्ट ड्रेस्ड (जेंटलमैन) का खिताब लेफ्टिनेंट कर्नल सिद्धार्थ विक्रम सिंह के साथ बेस्ट ड्रेस्ड (लेडी) का खिताब जोत्सना हबीबउल्लाह के नाम रहा। वहीं मेड फॉर इच अदर (यंग कपल) का खिताब मिस्टर एंड मिस निशांत सोलंकी को मिला, जबकि मेड फॉर इच अदर (सीनियर कपल) में लेफ्टिनेंट जनरल एके मिश्रा और मीरा मिश्रा की जोड़ी विजेता रही। रोमांच, रफ्तार और उत्साह से भरपूर इस आयोजन ने एक बार फिर लखनऊ रेसकोर्स की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया।

**परिणाम**

| इंडियन ब्रीड | स्थान | मालिक का नाम | जॉकी | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| शान ए आजिम | (प्रथम) | जेएन माथुर | मयंक कोरी | 5000 |
| अलोहा | (द्वितीय) | अमर हबीबउल्लाह | मोनू | 3000 |
| स्प्रिचुअल फोर्स | (तृतीय) | जेएन माथुर | विनोद सिंह | 2000 |

| इंडियन ब्रीड | स्थान | मालिक का नाम | जॉकी | धनराशि (रुपये) |
|---|---|---|---|---|
| गोल्डन ओक्स | प्रथम | मो. अब्दुल्ला | दीपक | 10000 |
| एंजेल इन माई हार्ट | द्वितीय | जेएन माथुर | हर्ष | 7000 |
| चोपिन | तृतीय | अमर/सूफियान | मोनू | 4000 |



ट्रॉफी के साथ विजेता।

## सिटी डायरी



प्रतिनिधियों का अंग वस्त्र देकर स्वागत करते आयोजक।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह सदस्य सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था का प्रादेशिक अधिवेशन एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सीतापुर रोड के सभागार में आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वेटरन अजमेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में हुए अधिवेशन में एसआर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन और सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहे। संपूर्ण प्रदेश से आए हुए प्रतिनिधियों का अंग वस्त्र एवं पुष्प हार के साथ स्वागत किया गया तथा संस्था में समर्पण भाव के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 सदस्यों को संस्था के संरक्षक वेटरन आरके पांडे द्वारा स्मृति चिन्ह तथा तिरंगा पट्टी के साथ पुरस्कृत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वेटरन अजमेर बहादुर ने संस्था के 15 कर्मठ समर्पित पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।



ट्रॉफी के साथ विजयी टीम टाइगर्स के सदस्य।

### मैत्री मैच में लोहिया नगर टाइगर्स जीता

**अमृत विचार, लखनऊ :** नागरिक सुरक्षा लखनऊ के लोहिया नगर प्रखंड ने रविवार को शिया पीजी कॉलेज मैदान पर मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन कराया। इसमें लोहिया नगर टाइगर्स ने सात विकेट से जीत दर्ज की। लोहिया नगर रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 137 रन बनाए। अमर नाथ मिश्रा और गुरप्रीत शेट्टी ने सधी शुरुआत की जबकि विमल कुमार वर्मा ने धुआंधार 58 रनों की पारी से मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाइगर्स टीम के अनुभव द्विवेदी ने मात्र 30 गेंदों में 68 रन बनाकर जीत की मजबूत नींव रखी। आशुतोष मिश्रा ने लगातार छक्के लगाकर जीत की राह आसान कर दी और ऋतुराज रस्तोगी ने चौका लगाकर विजयी दिलाई।



संबोधित करते मनोज कुमार।

### राष्ट्रीय युवा संसद में विधेयक पास

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन संपन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतंत्र, संसदीय प्रक्रियाओं, देश की शासन व्यवस्था, वाद-विवाद, निर्णय लेने की क्षमता और अनुशासन की समझ विकसित करना था। राष्ट्रीय युवा संसद के कार्यक्रम में युवाओं को देश के सांसदों के परिदृश्य लेकर पक्ष और विपक्ष के मध्य समान नागरिक संहिता पर चर्चा हुई। वाद-विवाद के बाद मतदान से समान नागरिक संहिता का बिल पास हुआ। उद्घाटन सत्र में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने उत्साहवर्धन किया।



सांस्कृतिक प्रस्तुति देते सीएमएस के छात्र-छात्राएं।

### सेमीनार हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोंटेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा एनुअल मदर्स डे एवं डिवाइन एजुकेशन सेमिनार हुआ। इसकी शुरुआत सुबूर हसन उस्मानी, डायरेक्टर, इन्टेलीजेन्स व क्रिमिनल इन्वेस्टीगेशन ने की। संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि घर व विद्यालय में नैतिक एवं आध्यात्मिक गुणों का वातावरण सदैव बना रहना चाहिए। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## एकजुटता

### राष्ट्रीय स्तर पर लड़ाई लड़ने का किया गया एलान

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों ने बनाया संयुक्त शिक्षक महासंघ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदेश के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में शिक्षक संगठनों ने एकजुटता दिखाई है। बैठक में सभी शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ लड़ाई राष्ट्रीय स्तर पर लड़ने हेतु अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ मोर्चे का गठन किया।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का आश्वासन दिया। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा यह लड़ाई शिक्षकों के अस्तित्व की लडाई है इसे हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक बे एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, टीएससीटी के संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, दूरस्थ बीटीसी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित, अन्तर्जनपदीय स्थानांतरण शिक्षक बे एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडे, यूटा के प्रदेश महामंत्री डा. हेमंत सिंह, एससीएसटी के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार विद्रोही, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पांडेय ने मोर्चे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने की सहमति दी।



एकजुटता दिखाते प्राथमिक शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी।

### शैक्षिक उन्नयन पर हुआ विमर्श

- **अमृत विचार, लखनऊ :** एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स (एआरपी) एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जिलों से 250 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन पर मंथन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य व लोक लेखा समिति के सदस्य पवन सिंह चौहान ने बेसिक शिक्षा में अभूतपूर्व सुधार एवं परिवर्तन के लिए सभी एआरपी के योगदान की सराहना की। उन्होंने एआरपी संगठन के द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लखित मांगे शासन के समक्ष उठाने का आश्वासन देते हुए अपना पूर्ण समर्थन दिया। प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही ने एआरपी गण के समक्ष आने वाली चुनौतियों और समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए पूर्ण समाधान तक संगठन के अनवरत संघर्ष का विश्वास दिलाया।